राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–**153/2024***

राज्यपाल ने गोवा के प्रशिक्षणार्थियों के साथ संवाद किया

पटना, 10 अगस्त, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने डॉ० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा, समस्तीपुर में मशरूम के उत्पादन एवं प्रसंस्करण संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे गोवा के किसानों एवं विद्यार्थियों के साथ राजभवन में संवाद किया। इस दौरान उन्होंने मशरूम एवं इसके उत्पादों की प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग व मार्केटिंग आदि सहित एफ०पी०ओ० बनाने के संबंध में चर्चा की।

बैठक में प्रशिक्षणार्थियों ने अपने अनुभव भी साझा किए। गोवा में मशरूम उत्पादन की संभावनाओं और इसके लिए जरूरी चीजों के बारे में चर्चा हुई तथा डॉ० राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ० पी० एस० पांडेय एवं कुलसचिव डॉ० मृत्युंजय कुमार ने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

राज्यपाल को प्रशिक्षणार्थियों ने मशरूम के उत्पाद भेंट किए। उन्होंने भी प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया।

....